भोरंज में आंगनबाड़ी में भरे जाएंगे 12 पद

निजी संवाददाता–भोरंज

बाल विकास परियोजना भोरंज के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता और सहायिका के कुल खाली 12 पदों के लिए पात्र एवं इच्छुक महिलाओं से 22 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी जीत राम चौधरी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र कक्कड़–1 और कनकरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता का एक–एक पद भरा जाएगा। इनके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र ठारा, मनोह, मुंडखर तुलसी–1, सम्मू–2, सधरयाण, तरक्काड़ी–1, जाड़, साहरवीं, रमेहड़ा और

- भोरंज में भरी जानी हैं पोस्ट, 22 नवंबर तक किया जा सकता है आवेदन

Himexam

गरसाहड़–1 में आंगनबाड़ी सहायिका का एक–एक पद भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की निवासी 18 से 35 वर्ष तक की महिलाएं उक्त पदों के लिए पात्र होंगी। आवेदक का परिवार संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज परिवारों की सूची में शामिल हो तथा परिवार में उसका नाम भी दर्ज हो। अभ्यर्थी के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 50 हजार से अधिक न हो।